इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (म.प्र.)
Indira Gandhi National Tribal University, Amarkantak (MP)
*Inspiring Students, Empowering Society*
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by an Act of Parliament)
www.igntu.ac.in

**No/IGNTU/Scho/2026/** 129 **Date:** 31 / 07 /**2026**

# सूचना

**विश्वविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गों के दिव्यांग (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) शोधार्थियों को सत्र 2026–27 में पी.एच.डी. हेतु छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत मध्य प्रदेश राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सभी **वर्गों के दिव्यांग (सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति)** पी.एच.डी. **शोधार्थियों** को सूचित किया जाता है कि मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा सत्र 2026–27 के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शोधार्थियों को पी.एच.डी. शोध उपाधि हेतु छात्रवृत्ति योजना तथा सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के दिव्यांग शोधार्थियों के लिए पुरस्कार राशि योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

योजना से संबंधित महत्वपूर्ण पात्रता शर्तें एवं आवेदन से संबंधित निर्देश उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट **www.highereducation.mp.gov.in** पर उपलब्ध हैं। शोधार्थी निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर उनका अनुपालन सुनिश्चित करें।

**आवेदन की अवधि 01 अगस्त 2026 से 31 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है।**

सभी शोधार्थी यह सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें। तथा आवेदन पत्र को विभागाध्यक्ष से सत्यापित एवं अग्रेषित कराकर विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति अनुभाग में अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्धारित समयावधि में जमा करें।

**महत्वपूर्ण सूचनाएँ**

1. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
2. शोधार्थी अपने आवेदन की पूर्णता एवं संलग्न प्रमाण–पत्रों की सत्यता के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे।
3. किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा अपूर्ण जानकारी पाए जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

संलग्न : आयुक्त, उच्च शिक्षा, भोपाल, मध्य प्रदेश का विज्ञापन क्र. 446/छा/आउशि/2026 दिनांक 23/07/2026

30/07/2026
कुलसचिव

**प्रतिलिपि :–**
1. अकादमिक निदेशक।
2. निदेशक, क्षेत्रीय परिषर मणिपुर
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण।
4. सभी संकायाध्यक्ष (सभी पी.एच.डी. शोधार्थियों का सूचित करने हेतु)
5. सभी विभागाध्यक्ष (सभी पी.एच.डी. शोधार्थियों का सूचित करने हेतु)
6. सभी हॉस्टल वार्डन (सूचना पटल पर सूचना प्रदर्शित करने हेतु)
7. उप–कुलसचिव (अकादमिक)
8. सहा. कुलसचिव (छात्रवृत्ति)
9. पी.एच.डी. अनुभाग।
10. तंत्र विश्लेषक (विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं ई–सर्कुलेशन हेतु)
11. माननीय कुलपति जी के निज सचिव की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
12. गॉर्ड फाईल